रीप–2024

<u>कार्यालयः सेन्टर फॉर इलक्ट्रॉनिक गर्वनेन्स, जयपुर (राज.)</u>

रुपये 100 या अधिक के नॉन–ज्यूडिशल स्टाम्प पेपर पर संस्थान द्वारा नामित प्रवेश प्रभारी द्वारा नोटरी पब्लिक से अनुप्रमाणित करवाकर दिये जाने हेतु

<u>सहमति एवं वचन बद्वता प्रपत्र</u>

यह सहमति एवं वचन बद्वता प्रपत्र कार्यालय, रीप–2024, सेन्टर फॉर इलेक्ट्रॉनिक गर्वनेन्स, जयपुर जिसे कि राज्य में बीई/बी.टेक/बी. आर्क. पाठ्यक्रम में सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अधिकृत किया गया है, के सन्दर्भ में किया गया है। इस सहमति एवं वचन बद्वता प्रपत्र के माध्यम से ....(संस्थान का नाम)..
....(पता बीई/बी.टेक/बी. आर्क. पाठ्यक्रम हेतु संस्थान के प्रबंध मंडल से प्रवेश हेतु अधिकृत एवं नामित होने के नाते मैं ....
(नाम)पुत्र/पुत्री.. (पद)... (मोबाईल नं.).. (ईमेल आईडी) ....
..............................**रीप–2024** की निम्न शर्तों को स्वीकार करता हूँ तथा वचन देता हूँ कि इन शर्तों के लिए मैं तथा मेरा संस्थान वचनबद्व रहेंगे:

1. मेरे संस्थान की ओर से मुझे **रीप–2024** की काउन्सलिंग प्रक्रिया (बीई/बी.टेक./बी. आर्क.) हेतु, प्रवेश अधिकारी नामित किया गया है तथा मैं ही मेरे संस्थान की ओर से **रीप–2024** काउन्सलिंग प्रक्रिया (बीई/बी.टेक/बी. आर्क.) में प्रतिनिधित्व करूँगा।
2. मैं तथा मेरा संस्थान पूर्ण निष्ठा तथा सावधानी से **रीप–2024** के नियमों तथा प्रक्रिया का पालन करेंगे।
3. मैं तथा मेरा संस्थान **रीप–2024** की काउन्सलिंग प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कोई भी ऐसा तथ्य जो कि **रीप–2024** काउन्सलिंग प्रक्रिया से सम्बंधित हो या इसे प्रभावित करता हो, को न तो छुपाएँगे, न ही परिवर्तित या प्रभावित करेंगे। मैं मांगे जाने पर समस्त जानकारी, तथ्य तथा दस्तावेज संयोजक/सह–संयोजक, **रीप–2024** को सुपुर्द करने/उपलब्ध करने हेतु वचनबद्व हूँ।
4. मैं तथा मेरा संस्थान **रीप–2024** की काउन्सलिंग प्रवेश प्रक्रिया के दौरान किसी भी ऐसे कार्य या कृत्य में लिप्त नहीं होंगे, जो कि नियम विरूद्व अथवा **रीप–2024** की प्रक्रिया विरूद्व है।
5. मैं अपने संस्थान की ओर से **रीप–2024** के माध्यम से अपने यहॉ प्रवेशित अभ्यर्थियों को प्रवेश देते समय उसकी वास्तविक उपस्थिति के भौतिक सत्यापन के पश्चात्, उनके समस्त दस्तावेजों का नियमानसुार निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करूँगा तदनुरूप प्रवेश अहर्ता सुनिश्चित होने पर ही अभ्यर्थियों की ऑनलाइन रिर्पोटिंग प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करूँगा। मैं किसी भी अभ्यार्थी को उसकी वास्तविक उपस्थिति के बिना एवं प्रवेश अहर्ता सम्बधीं मूल दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश/रिपोर्टिंग की अनुमति नहीं दूंगा जब तक कि ऐसा करने हेतु संयोजक, **रीप–2024** या राज्य सरकार का आदेश/निर्देश प्राप्त नहीं हो।
6. मैं अपने संस्थान की ओर से अभ्यर्थियों के **रीप–2024** में प्रवेश लेने, रिपोर्टिंग करने तथा प्रवेश निरस्त करने के नियमों का निष्ठापूर्वक तथा पूर्ण सावधानी से पालन किया जाना सुनिश्चित करूँगा। मैं ऐसे सभी अधिकार तथा कर्तव्य जो कि अपने संस्थान के नामित प्रवेश प्रभारी होने के नाते मुझमे निहित है या मुझसे अपेक्षित है, का पूर्ण निष्ठा से पालन करूँगा।

7. मैं तथा मेरे संस्थान द्वारा प्रवेश हेतु **रीप–2024** द्वारा बताये गये सभी नियमों व प्रक्रिया का (मैनेजमेन्ट कोटा से प्रवेश, काउन्सलिंग से प्रवेश, उन्नयन द्वारा प्रवेश, प्रवेश निरस्तीकरण, शुल्क वापसी, आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन, विशेष अतिंम चरण में प्रवेश प्रक्रिया तथा अन्य संस्थानों से संबंधित शुल्क समयबद्ध रूप से स्थानान्तरण किये जाने समेत) पूर्ण निष्ठा से पालन करूँगा। मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा संस्थाओं में प्रवेश हेतु दिए गए दिशा निर्देशों का पूर्ण सावचेती तथा सावधानी से पालन करूँगा।
8. अगर **रीप–2024** के अधीन प्रवेश प्रकिग्रा में मेरे तथा मेरे संस्थान द्वारा किसी भी समय अथवा किसी भी स्तर पर कोई त्रुटी या कमी रह जाती है तो उसके लिए मैं तथा मेरा संस्थान पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे तथा इस बाबत होने वाले किसी भी क्षति या क्षतिपूर्ति मेरे/हमारे संस्थान के दायित्वाधीन होगी।
9. अगर **रीप–2024** के अधीन प्रवेश प्रक्रिया मे ंमेरे तथा मेरे संस्थान की कमी/त्रुटी/कार्यप्रणाली/कार्य संपादन में कमी के कारण अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा न्यायालय में वाद दायर किया जाता है तो न्यायालय में पक्ष प्रस्तुत करना मेरे दायित्वाधीन होगा। इस हेतु समस्त व्यय/खर्चा (सम्बन्धित अधिवक्ता की फीस/शुल्क तथा न्यायालय में होने वाले समस्त अन्य व्यय समेत) मेरे तथा मेरे संस्थान द्वारा वहन किया जायेगा। मैं तथा मेरा संस्थान **रीप–2024** द्वारा की जा रही काउन्सलिंग/प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करेंगे तथा पूर्ण निष्ठा से सहभागिता निभाएंगे।

दिनांक :

हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता
नाम तथा पता :

गवाह :

1. हस्ताक्षर

नाम : ....

पता : ....

2. हस्ताक्षर

नाम : ....

पता : ....